पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

प्रो0 एस0 एल0 गोस्वामी को छः माह का अतिरिक्त प्रभार

लखनऊः 2 नवम्बर, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल एवं कुलाधिपति, श्री राम नाईक ने प्रो0 एस0 एल0 गोस्वामी कुलपति, बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, बांदा को चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर का कार्यवाहक कुलपति पुनः नियुक्त किया है। राज्यपाल ने प्रो0 एस0 एल0 गोस्वामी को छः माह या नियमित कुलपति नियुक्त होने तक (जो भी पहले हो) अतिरिक्त प्रभार दिये जाने के आदेश दिये हैं।

उल्लेखनीय है कि चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर के कुलपति प्रो0 मुन्ना सिंह के निलम्बन एवं उनके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही जारी होने के कारण राज्यपाल/कुलाधिपति द्वारा 1 मई, 2015 को प्रो0 एस0 एल0 गोस्वामी कुलपति, बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, बांदा को छः माह हेतु चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर का कार्यवाहक कुलपति नियुक्त किया गया था। छः माह की अवधि 2 नवम्बर, 2015 को पूर्ण हो रही है तथा प्रो0 मुन्ना सिंह के विरूद्ध प्रचलित विभागीय कार्यवाही पूर्ण होने में अभी और समय लगने की संभावना है।